पंजाब केसरी

२६-१०-२०२३

कार्यक्रम के दौरान मौजूद कालेज के विद्यार्थी एवं जानकारी देते सैन्य अधिकारी।

जी.एम.एन. कालेज में डिफैंस सेवाओं में प्रवेश के लिए विस्तार व्याख्यान का हुआ आयोजन

अम्बाला, 25 अक्तूबर (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और डा. एस.एस. नैन की अध्यक्षता में एन.सी.सी. के तत्वावधान में डिफैंस सेवाओं में प्रवेश हेतु प्रेरणादायक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता मेजर अंशुल यादव (जे.आर.ओ, अम्बाला कैंट) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफैंस के क्षेत्र, विभिन्न प्रकार के परीक्षणों, भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेवा में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का कालेज में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफैंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई गई है, जिससे वे डिफैंस के क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक डा. एस.एस. नैन ने कहा कि यह मोटिवेशनल लैक्चर विद्यार्थियों को डिफैंस सेवाओं में प्रवेश करने के लिए प्रेरणा देने हेतु आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. सीमा कंसल, डा. तृप्ति शर्मा और सुषमा शर्मा भी मौजूद रहे।